# यूपी से निर्यात चार महीने में नौ प्रतिशत तक उछला

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** इलेक्ट्रानिक्स गुड्स निर्माण में आई तेजी ने यूपी के निर्यात में इजाफा कर दिया है। इस साल हाल के अप्रैल से जुलाई तक के वक्त में यूपी ने निर्यात में 9.13 प्रतिशत की छलांग लगाई है। निर्माण क्षेत्र बढ़े उत्पादन, बेहतर गुणवत्ता और जोरदार ब्रांडिंग के चलते निर्यात में यह इजाफा हुआ है। इस बार यूपी से निर्यात होने वाले उत्पादों में इलेक्ट्रानिक्स सामान नंबर एक पर है। इसमें मोबाइल सेट भी शामिल हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की नवीनतम निर्यात रिपोर्ट के मुताबिक विभिन्न प्रकार के सामान के निर्यात में इस साल जुलाई के मुकाबले अगस्त में 25.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी के साथ यूपी से निर्यात होने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पादों में सबसे बड़ी 15.78 प्रतिशत की हिस्सेदारी इलेक्ट्रानिक्स गुड्स की हो गई है। इसके बाद इंजीनियरिंग गुड्स का नंबर है। मीट व अंडे निर्यात के मामले में नंबर एक से नंबर तीन पर आ गए हैं। इनके निर्यात में 52.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रेडीमेट गारमेंट्स का विदेशी बाजार बढ़ रहा है। पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क से निर्यात बढ़ेगा।

- **इस साल अप्रैल से जुलाई के बीच 57352 करोड़ रुपये का विभिन्न सामान विदेशों को भेजा गया**
- **जबकि महाराष्ट्र के निर्यात में आई गिरावट**

## कई राज्यों में दिखी गिरावट

जहां तक दूसरे राज्यों की बात है तो महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, बिहार व गोवा ऐसे राज्य हैं, जहां इस बार निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा 37 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट राजस्थान में दर्ज की गई है। महाराष्ट्र में 2.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है।

